>

Title : Need to take steps to provide basic facilities in hostels meant for the SC students in Uttar Pradesh.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): महोदय, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। मैं सदन का ध्यान अनुसूचित वर्ग के छात्रों के लिए बने छात्रावासों की बदहाल स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि देशभर में इन छात्रावासों के प्रति भेदभाव की स्थिति बनी हुई है। अधिकारी कभी भी इन छात्रावासों की ओर जाकर ध्यान नहीं देते हैं। राज्य सरकारें भी इस ओर रूचि नहीं दिखा रही हैं और न ही बजट का आबंटन कर रही हैं। मेरे द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद जगह-जगह पर इन छात्रावासों का निरिक्षण किया गया। इनमें न शौचालय हैं, न स्नानगृह हैं, कमरों की भारी कमी है, छात्रावासों में भोजनालय, कॉमन हॉल, लाईब्रेरी एवं मनोरंजन कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। छात्रावासों की सुरक्षा, सफाई, स्वच्छ पीने के पानी, फर्नीचर आदि की व्यवस्था नहीं है। इन छात्रावासों में बालिकाएं सुरक्षित नहीं हैं। कुछ छात्र-छात्राएं पैसे इकट्ठा करके आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एकत्रित करके काम चलाते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास जल्द से जल्द करने और देश भर के छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण हेतु योजना बनाने की कृपा करें ताकि अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र देश निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

सभापति महोदय :

श्री अर्जुन राम मेघवाल को श्री पन्ना लाल पुनिया जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति दी जाती है।